कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः—एफ 3/लेखा/16—17/2038—57 दिनांक : 28/11/16

अल्पकालीन ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या : 22/16—17

नगर विकास न्यास, कोटा की ओर से न्यास में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं किसी भी राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्त शासी विभागो के अन्तर्गत "एए" तथा "ए" श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई—प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 02 कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यों का विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें, अनुमानित लागत, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **https://eproc.rajasthan.gov.in, https:// sppp.rajasthan.gov.in, http://urban.rajasthan.gov.in** एवं नगर विकास न्यास, कोटा की वेबसाईट **https://www.uitkota.org** पर देखा जा सकता है।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :—

निविदा की क्र0सं0	ऑनलाईन निविदा विक्रय/अपलोड/डाउनलोड/प्राप्ति तिथि	ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि
1 से 2	30-11-16 प्रातः 9.30 से 12-12-16 सायं 6.00 बजे तक	14-12-16 को सायं 4.00 बजे

निविदा का विवरण निम्न प्रकार है :—

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में)	निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि	खण्ड
1.	जे0के0 पेवेलियन में विकास कार्य	82.00	3500.00	1.5 माह	द्वितीय
2.	जे0के0 पेवेलियन परिसर में क्रिकेट के लिए साईड स्क्रीन एवं स्कोर बोर्ड लगाने का कार्य	51.00	3500.00	1.5 माह	द्वितीय

नोटः—

1. निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. समस्त कार्यों के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर न्यास में पंजीकृत सक्षम संवेदक द्वारा ½% राशि एवं अन्य विभागों में पंजीकृत सक्षम संवेदक द्वारा 2% राशि जमा करानी होगी।
3. ऑनलाईन निविदा हेतु धरोहर राशि व निविदा शुल्क का का डी0डी0 "सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा" के नाम से ऑन लाईन निविदा फार्म विक्रय/डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि तक का ही स्वीकार्य होगा। अंतिम तिथि के बाद का डी0डी0 मान्य नही होगा। धरोहर राशि, निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं Online Bid submission confirmation form निविदा खुलने की तिथि दोपहर 1.00 बजे तक, न्यास में प्रस्तुत करने होंगे।
4. ऑनलाईन निविदा के लिए प्रोसेसिंग शुल्क रू0 50.00 लाख से कम की निविदा पर रू0 500/— एवं रू0 50.00 लाख या उससे अधिक की निविदा की स्थिति में रू0 1000/— का डी0डी0 "**MD, RISL, Jaipur**" के नाम देय होगा। ।
5. उक्त निविदा न्यास की वेबसाईट www.uitkota.org पर भी देखी जा सकती है।
6. प्रथम तीन न्यूनतम दरदाता संवेदकों की धरोहर राशि को रोकते हुए शेष सभी संवेदकों को धरोहर राशि सात दिवस के अंदर लौटाई जावेगी तथा द्वितीय व तृतीय न्यूनतम दरदाता संवेदकों की धरोहर राशि कार्यादेश जारी होने के 10 दिवस पश्चात या निविदा वैधता तिथि पश्चात् (दोनो में से जो भी पहले हो) लौटाई जायेगी।
7. राजस्थान भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार नियम—2009 के सम्बन्ध मे जारी अधिसूचना दिनांक 30.4.09 के अनुसरण मे न्यास द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों के रनिंग/अंतिम बिलों के भुगतान पर 1% श्रम उपकर (L. Cess) भी देय होगा।
8. धरोहर राशि के रूप मे रू0 10.00 लाख तक डी0डी0/बैंकर्स चैक स्वीकार किये जावेंगे। धरोहर राशि रू0 10.00 लाख से अधिक होने पर राशि रू0 10.00 लाख का डी0डी0/बैंकर्स चैक व शेष राशि बैंक गारण्टी (कोटा मुख्यालय पर देय हो) के रूप मे प्रस्तुत की जा सकती है।
9. निविदा में प्रस्तुत दर प्रचलित बी.एस.आर., जिस पर निविदा आधारित है, से जितनी प्रतिशत कम आयेगी उतनी राशि की बैंक गारण्टी/डी0डी0 विभाग में कार्यादेश जारी करने से पूर्व जमा करानी होगी। जो वास्तविक कार्य पूर्णता तिथि से 28 दिन बाद कार्य संतोषजनक होने पर लौटाई जावेगी।
10. निविदा में भाग लेने वाले सभी संवेदको/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि वह निविदा में सम्मिलित होने से पूर्व, यह सुनिश्चित कर लें कि वे निविदा के अनुरूप उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत है या नही। उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत नही पाये जाने की स्थिति में निविदा निरस्त करने/निविदा निरस्त करते हुए जमा राशि जब्त करने का प्रावधान नगर विकास न्यास, कोटा में निहित रहेगा।
11. उपरोक्त निविदाओं को बिना किसी कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को रहेगा।
12. आइटम नं0 1 में 5.0 लाख का व आईटम नं0 2 में 3.0 लाख की पी0जी0 का डी0डी0 सचिव नगर विकास न्यास कोटा के नाम अपलोड करना होगा। निविदा के साथ अनिवार्य जो कार्य पूर्ण होने पर देय होगा।

28/11/16

अधिशाषी अभियंता
नगर विकास न्यास, कोटा